# झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद राँची (झारखंड)

## प्रथम सावधिक परीक्षा (2021- 2022)

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　सेट- 4

| कक्षा-10 | विषय- हिंदी 'ए' | समय – 1 घंटा 30 मिनट | पूर्णांक-40 |
|---|---|---|---|

**सामान्य निर्देश:-**

- **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
- **प्रश्नों की कुल संख्या 40 है।**
- **प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित हैं।**
- **प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं इनमें से एक सही विकल्प का चयन कीजिए।**
- **गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएँगे।**

**खंड 'क' (अपठित बोध)**

**निर्देश:- निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 1-5 तक के लिए सही विकल्प का चयन करें।**

मनुष्य जन्म से ही अहंकार का इतना विशाल बोझ लेकर आता है कि उसके दृष्टि सदैव दूसरों की बुराइयों पर ही टिकती है। आत्म निरीक्षण को भुलाकर, साधारण मानव जो निंदा में हीअपना जीवन बिताना चाहताहै।इसके मूल में उसकी ईष्या की दाहक दुष्प्रवृत्ति कार्यशील रहती है।दूसरे की सहज उन्नति को मनुष्य अपनी ईर्ष्या के वशीभूत होकर पचा नहीं पाता और उसके गुणों को अनदेखा करके केवल दोषों और दुर्गुणों को ही प्रचारित करने लगता है। इस प्रक्रिया में वह इस तथ्य को भी विस्मृत कर बैठता है कि ईष्या का दाहक स्वरूप स्वयं उसके समय स्वास्थ्य और सद्वृतियों के लिए कितना विनाशकारी सिद्ध हो रहा है। परनिंदा को हमारे शास्त्रों में पाप बताया गया है। वास्तव में मनुष्य अपनी न्यूनताओं, अपने दुर्गुणों की ओर दृष्टि उठाकर देखना भी नहीं चाहता क्योंकि स्वयं को पहचानने की यह प्रक्रिया उसके लिए बहुत कष्टकारी है।

01. मनुष्य का जन्म किसके बोझ के साथ होता है?

A. अहंकार　　B. सम्मान

C. प्रशंसा　　D. ये सभी

02.दूसरों की उन्नति को मनुष्य क्यों नहीं देखना चाहता?

A. स्वयं धनवान होने के कारण　　B. स्वयं गुणी होने के कारण

C. अपने बड़प्पन के कारण　　D. ईर्ष्याभाव के कारण

03. स्वास्थ्य और सदाचार नष्ट हो जाते हैं__

A. ईर्ष्या के बस में होने पर
B. क्रोध के वश में होने पर
C. स्वास्थ्य के नियमों का पालन ना करने पर
D. अनैतिक कार्य करने पर

04.किसे भुलाकर मनुष्य निंदा में ही अपना जीवन बिताता है?

A. अहंकार
B. आत्मनिरीक्षण
C. संतुष्टि D. सुख

5. 'उन्नति' का विलोम शब्द क्या होगा

A. अवनति
B. परिणति
C. अनीति
D. परनिंदा

**निर्देश:-प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 6-10 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।**

नभ में उग आई लो
रंगभरी रेखा एक टेढ़ी सी
जिसको हम इंद्रधनुष कहते हैं ।
उमड़-घुमड़ कर अभी बादल यह बरसे हैं,
महक उठी धरती और फूल-पत्ती-पौधे
सब सरसे हैं ।
जीवन में इसी तरह दुख की घटाओं का
अंधेरा है,
इसके भी पीछे शायद
रंगों का घेरा है ।
एक इसी आशा के तर्क पर
दुख और दाह हम सहते हैं
जीवन में इसी आकर्षण को
इंद्रधनुष हम कहते हैं।

]

06. बादलों की तुलना किससे की गई है?

A. जीवन के सुख से B. जीवन के संघर्ष से

C. जीवन के दुखों से D. जीवन में पराजय से

07.कवि का जीवन के प्रति दृष्टिकोण कैसा है?

A. आशावादी B. भाग्यवादी C. निराशावादी D. कर्मवादी

08.जीवन का इंद्रधनुष कैसे बनता है?

A. आशा-निराशा से B. खट्टे-मीठे पलों से

C. अनंत संघर्षों से D. उपर्युक्त सभी से

09.'आशा' का विलोम शब्द लिखें ?

A. सुख B. निराशा C. आकांक्षा D. प्यासा

10.'नभ' का पर्यायवाची क्या है?

A. धरती B. पानी C. हवा D. आकाश

## खंड-ख (व्याकरण)

11.निम्नलिखित में से अकर्मक क्रिया किस वाक्य में है ?

A. गाय घास खाती है B. रानी गाना गाती है

C. बच्चा रोता है D. राजू पत्र लिखता है

12.जिसमें कर्ता क्रिया और कर्म तीनों उपस्थित हो वहाँ कौन-सी क्रिया होती है?

A.अकर्मक B.सकर्मक C.विकल्प A और B दोनों D.इनमें से कोई नहीं

13.कौन 'अरुण' का अनेकार्थी शब्द नहीं है?

A. सूर्य B. लाल C. चंद्र D. सिंदूर

14.जब समास का प्रथम पद अव्यय और प्रधान हो वहाँ कौन-सा समास होगा?

A. तत्पुरुष समास B. अव्ययीभाव समास

C. कर्मधारय समास D. बहुव्रीहि समास

15.'विद्यालय-विद्या के लिए आलय' कौन-सा समास है?

A. अव्ययीभाव समास B. तत्पुरुष समास

C.कर्मधारय समास D. द्वंद्व समास

16.'नीला है जो अंबर' विग्रह पदों का सही समस्त पद क्या होगा?

A. नीलांबर B. अंबर नीला C. नीलाऔर अंबरD. नीला आकाश

17.रचना के आधार पर किस वाक्य में एक प्रधान वाक्य और शेष आश्रित उपवाक्य होता है?

A. सरल B. संयुक्त C. मिश्र D. उपवाक्य

18.समुच्चयबोधक अव्यय के दो प्रमुख भेद कौन से हैं:-

A. क्रियाविशेषण और विशेषण B. सरल और संयुक्त

C. समानाधिकरण और व्यतिकरण D. विस्मयादिबोधक और संबोधन

19. पिताजी के द्वारा अखबार पढ़ा गया वाक्य का कौन सा भेद है?

A. कर्तृवाच्य B. कर्मवाच्य C. भाववाच्य D. कोई नहीं

20.कर्तृवाच्य के वाक्यों में कर्ता के कार्य की________होती है ।

A. प्रधानता B. निरस्त C. सरलता D. उपयोगिता

## खंड-ग (पाठ्यपुस्तक)

**निर्देश:-प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 21-24 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।**

तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान

धन्य तुम, माँ भी तुम्हारी धन्य!

चिर प्रवासी मैं इतर,मैं अन्य!

इस अतिथि से प्रिय तुम्हारा क्या रहा संपर्क

ऊँगलियाँमाँ की कराती रही हैं मधुपर्क

देखते तुम इधर कनखी मार

और होती जबकि आँखें चार

तब तुम्हारी दंतुरित मुस्कान

मुझे लगती बड़ी ही छविमान!

21.प्रस्तुत काव्यांश के कवि कौन है?

A. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला B. जयशंकर प्रसाद

C. नागार्जुन D. महादेवी वर्मा

22.दंतुरित का क्या अर्थ है?

A. बिना दांत के B. लंबे-लंबे दांत

C. टेढ़े-मेढ़े दांत D. नए-नए दांत

23. माँ बच्चे को क्या कराती रही है?

A. काम B. आराम C. मधुपर्क D. संपर्क

24.कवि ने धन्य किसे कहा है?

A. दादा और दादी कोB. माता और पुत्र को

C. बच्चे और उसके दांत कोD. अपने आप को और पत्नी को

**निर्देश:- निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए ।**

25. बादल किस दिशा से आ रहे हैं?

A. पूर्व दिशा से B. पश्चिम दिशा से

C. उत्तर दिशा से D. अज्ञात दिशा से

26.'कहीं साँस लेते हो घर-घर भर देते हो'इस पंक्ति का अर्थ क्या है?

A. बादलों का साँस लेना

B. फागुन की हरियाली महसूस करना

C. वातावरण का सुगंधित और मादक हो जाना

D. फूलों के द्वारा घर-घर प्रवेश करना

27. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का जन्म कब हुआ?

A. 1878 B.1863 C.1906 D.1899

28. 'मरजादा न लही' के माध्यम से सूरदास की गोपियाँ कौन-सी मर्यादा ना रहने की बात कर रही हैं?

A. प्रेम की B. घृणा की C. जीवन की D. मान की

**निर्देश:-प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 29-32 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।**

हालदार साहब को पान वाले द्वारा एक देशभक्त का इस तरह मजाक उड़ाया जाना अच्छा नहीं लगा।मुड़कर देखा तो अवाक् रह गए।एक बेहद बूढ़ा मरियल-सा लंगड़ा आदमी सिर पर गाँधी टोपी और आँखों पर काला चश्मा लगाए एक हाथ में एक छोटी सी संदूकची और दूसरे हाथ में एक बाँस पर टंगे बहुत से चश्मे लिए अभी-अभी एक गली से निकला था और अब एक बंद दुकान के सहारे अपना बाँस टिका रहा था। तो इस बेचारे की दुकान भी नहीं! फेरी लगाता है। हालदार साहब चक्कर में पड़ गए। पूछना चाहते थे,इसे कैप्टन क्यों कहते

हैं?क्या यही इसका वास्तविक नाम है? लेकिन पानवाले ने साफ़ बता दिया था कि अब वह इसके बारे में और बात करने को तैयार नहीं। ड्राइवर भी बेचैन हो रहा था।काम भी था।हालदार साहब जीप में बैठ कर चले गए।

29.हालदार साहब को क्या अच्छा नहीं लगा?

A. पानवाले के द्वारा पान खाना

B. कैप्टन के द्वारा चश्मा पहनाना

C. मूर्तिकार द्वारा चश्मा नहीं बनाया जाना

D. पानवाले के द्वारा एक देशभक्त का मजाक उड़ाया जाना

30.बूढ़ा मरियल सा लंगड़ा आदमी कौन था?

A. हालदार साहब B. पानवाला C. कैप्टन D. मास्टर मोतीलाल

31.कैप्टन क्या काम करता था?

A. काश्तकारी B. बागवानी C. फेरी D. कृषि

32.हालदार साहब पानवाले से क्या जानना चाहते थे?

A. पानवाले के बारे में B. मोतीलाल मास्टर के बारे में

C. कस्बे के बारे में D. कैप्टन के बारे में

**निर्देश:- निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए ।**

33. लेखक बालगोबिन भगत की किस विशेषता पर अत्यधिक मुग्ध था?

A. पहनावे पर B. भोजन पर C. मधुर गान पर D. व्यवहार पर

34.बालगोबिन भगत पाठ के आधार पर बताएँ रोपनी किसे कहते हैं ?

A. रोपण को B. धान की रोपाई को C. धान की कटाई को D. धान की खेती को

35.बालगोबिन भगत के संगीत को लेखक ने क्या कहा है?

A. जादू B. समय की बर्बादी C. नीरस D. धुन

36.बालगोबिन भगत कौन-से माह में प्रभातियाँ शुरू करते थे?

A. आषाढ़ में B. भादो में C. सावन में D. कार्तिक में

**निर्देश:-प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 37-40 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।**

जब कभी मइयाँ हमें अचानक पकड़ पाती तब हमारे लाख झटपट आने पर भी एक चुल्लू कड़वा तेल हमारे सिर पर डाल देती थी। हम रोने लगते और बाबूजी उस पर बिगड़ खड़े होते, पर वह हमारे सिर में तेल बोथकर हमें

उबटकर ही छोड़ती थी। फिर हमारी नाभी और लिलार में काजल की बिंदी लगाकर चोटी गूँथती और उसमें फूलदार लट्टूबाँधकर रंगीन कुरता टोपी पहना देती थी।हम खासे कन्हैया बनकर बाबूजी की गोद में सिसकते सिसकते बाहर आते थे।

37.प्रस्तुत कहानी के लेखक कौन हैं?

A. शिवपूजन सहाय B. कमलेश्वर

C. शिवप्रसाद मिश्र रूद्र D. अज्ञेय

38.लेखक की माँ काजल कहाँ लगाती थी?

A. नाभि और लिलार में B. आँखों और माथे पर

C. हथेली और पैरों पर D. नाभि और हथेली पर

39. माँ चोटी में लेखक को क्या बाँध देती थी?

A. रिबन B. रस्सी C. पगड़ी D. फूलदार लट्टू

40. लेखक किसकी गोद में सिसकते-सिसकते बाहर निकलते थे?

A. माता की गोद B. बाबूजी की गोद

C. दादाजी की गोद D.नौकर की गोद

*****